## श्याम भजनों की देर रात तक बही सरिता

**गंगापुर सिटी** । रविवार की देर शाम को सालोदा मोड स्थित अर्जुन पैलेस में बाबा श्याम का भव्य दरवार सजाया गया। इस दौरान बाबा श्याम का बडा ही मनमोहक दरवार सजाया गया। गणेश बंदना एवं आरती के साथ बाबा की ज्योत जलाई गई।

भजन गायक राजू निवाई ने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे से भजन संध्या की शुरूआत की। इसके बाद एक से बढ कर एक भजनो की प्रस्तुती दे कर सभी को भाव विभोर कर दिया। राजू निवाई ने किस्मत वालो को मिलता है तेरा दरवार, जब से देखा तुम्हे ना जाने क्या हो गया जैसे भजनो की प्रस्तुती दे कर सभी का मन मोह लिया। दोसा के भजन गायक अजय शर्मा ने पाण्डाल में समां बांध दिया।

अजय शर्मा ने मन की बाता सावंरिया ने आज सुना कर देख लो, कीर्तन की है रात आदि भजनो से भक्तो को देर रात तक बांधे रखा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्याापार संघ एवं राजस्थान खाद्य प्रदार्थ व्यापार संघ अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता, प्रहलाद मेठी सहित शहर के गणमान्य लोग मोजूद थे।

# 'स्काउट गाईड की गतिविधियां अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम'

**करौली,** (निसं.)राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में 17 मई से मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल एवं राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली में आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित द्विवेदी ने भारत स्काउट गाइड की गतिविधियों को बालक बालिकाओं में अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया।

ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित द्विवेदी ने छात्राओं को पुरुस्कृत किया।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में 17 मई से मोंटेसरी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूलएवं राजकीय बापू उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किए जा रहे। ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का सम्मिलित रूप से समापन समारोह भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय भवन पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि करौली के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित कुमार द्विवेदी ने भारत स्काउट गाइड की गतिविधियों को अनुशासित एवं अनुकरणीय गतिविधियां बताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बालक बालिकाओं को स्काउट गाइड के साथ जुडना चाहिए एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेकर अपना सर्वांगीण विकास करना चाहिए उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से अभिरुचि शिविर में भारत स्काउट गाइड ने बालक बालिकाओं को जो सिखाया है। वह एक अनूठा प्रयास है और प्रतिवर्ष होने अधिक से अधिक बालक बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना चाहिए।कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भरत लाल मीणा ने कहा कि कार्यक्रम को देखकर लगता है कि प्रशिक्षकों के द्वारा बालक बालिकाओं को समर्पण के साथ सिखाया गया है। उन्होंने भारत स्काउट गाइड द्वारा चलाए गए ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविरों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस तरह के शिविरों में भाग लेने से बालक बालिकाओं के समय का सदुपयोग होता है। शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर संचालक गणपत लाल गुप्ता एवं मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया कि शिविर में बालक बालिकाओं को मेहंदी,सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों एवं विषय बार प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रियंका कश्यप, प्रियांशी शर्मा, ब्रह्मा बाई सैनी,शिवानी माली, पिज्जा, गौरी,लक्ष्मी, वैष्णवी गुप्ता,गुनगुन गुप्ता, दिव्यांशु मीणा, व्योम शर्मा,त्रीयांशु शर्मा,राशि बंसल,अंकित गौड. दीक्षिता गौड को अतिथियों ने पारितोषिक प्रदान किया।

## ग्राम सभा में पहली बार महिलाओं ने ली भागीदारी

**करौली** (निसं.) । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज फाउंडेशन की क्षेत्रीय संस्था वाटर एंड करौली द्वारा ग्राम पंचायत मामचारी के अटल सेवा केंद्र पर सरपंच आलोक मीणा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों में जल सुरक्षा को लेकर विशेष महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के तरौली,मामचारी,कल्याणी और मॉच गांव से लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया और 22 प्रस्ताव पंचायत को प्राप्त हुए।

वाटर एंड करौली के जिला समन्वयक शक्ति वर्धन ने बताया कि ग्राम सभा में महिलाओं द्वारा उपसरपंच सागर,ग्राम विकास अधिकारी बहादुर मीणा,रोजगार सहायक पंकज शर्मा, प्रेमलता शर्मा अध्यापिका का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया।

इसके उपरांत शक्ति वर्धन कार्यक्रम समन्वयक द्वारा संस्था का एवं संस्था के चल रहे कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गांव से आई महिलाओं द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव पढकर सुनाए गए जिन्हें सचिव द्वारा रजिस्टर में दर्ज किया गया।

## सार-समाचार

### भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 29 को

**करौली** (निसं.) भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 29 जून को करौली के शिव अशोका पैराडाइज में प्रात: 10 बजे से आयोजित की जाएगी। भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भरतपुर संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी भानु प्रताप सिंह,क्षेत्रीय सांसद डॉ. मनोज राजौरिया उपस्थित रहेंगे वही बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला कार्यसमिति सदस्य,पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक, सांसद, प्रधान, चेयरमैन, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**कैलादेवी** (निसं.) कैलादेवी पुलिस द्वारा एक अबोध बालक के साथ कुकर्म किए जाने के दर्ज प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया है। उल्लेखनीय है कि कैलादेवी थानांतर्गत 26 अप्रैल को पांच बर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर कुकर्म किए जाने का मामला दर्ज किया गया था।जिस पर कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक गिर्राज मीणा ने मामले की पुलिस जांच की। उन्होने बताया कि दोनों नाबालिक आरोपियों दिलकेश तथा आशीष को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों नाबालिग आरोपियों को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।

### बुजुर्ग पर हमला, अस्पताल में भर्ती

**बयाना**। बयाना कस्बे में बीती रात्रि को दिन भर की मजदूरी के बाद अपना ठेला लेकर घर वापस जा रहे बुजुर्ग मजदूर पर एक जने ने अचानक हमला कर जमकर मारपीट कर दी घायल बुजुर्ग को अन्य लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है ।जहां बुजुर्ग का इलाज किया ।

## 'अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं से खिलवाड़'

**करौली** (निसं.)। केंद्र की अग्निपथ योजना के तहत देश में सेना भर्ती प्रक्रिया से सेना को कमजोर और सैनिको एवं युवाओं का मनोबल तोडने का प्रयास किए जाने को लेकर करौली कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। करौली विधायक लाखन सिंह के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र करौली के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से कलेक्ट्रेट कार्यालय पर अग्निपथ योजना को लेकर सत्याग्रह आंदोलन किया गया इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष महेश शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना अभी तक समझ में नहीं आई है। और देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे। और युवाओं से अपील करना चाहेंगे कि वह दंगा या अशांति जैसी प्रक्रिया नहीं अपनाएं कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ है। और रहेगी हम जिले सहित प्रदेश और देश में भाजपा की रीती नीतियों से लोगों को अवगत कराते हुए विरोध दर्ज कराएंगे।

# 'सीएम अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे हैं जबकि खुद धरना देते हैं'

**भरतपुर,** (निसं)। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी उसके मंत्रिमंडल के सदस्य और विधायक अग्निपथ योजना को लेकर विरोध कर रहे हैं। हमारा संविधान संघवाद पर आधारित है। सेना सेंट्रल का विषय है। इसलिए उस विषय पर नीति बनाने का अधिकार सत्तारूढ़ केंद्रीय मंत्रिमंडल का है। लगभग ढाई सौ मीटिंग के बाद और 28 महीने के मंथन के बाद यह योजना देश में लागू की गई। उन्होंने कहा कि जब से राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनी है, लगभग 18 बार मुख्यमंत्री ने कभी राजभवन, कभी गांधीजी की मूर्ति के सामने धरना प्रदर्शन किया।

उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि चीन के बाद सबसे बड़ा सैन्य बल 15 लाख 60 हजार की संख्या वाला सैन्य बल हमारे पास है। विश्व में सबसे बड़ा सैन्य बल हमारा बने। मुल्क के नौजवानों में राष्ट्रवाद, राष्ट्र सुरक्षा और अनुशासन तीनों को लेकर इस प्रकार की एक योजना बनाई गई है। इस योजना पर सवाल खड़ा करते हैं तो मैं पूछना चाहता हूं कि उन्होंने एक विधानसभा में पुलिस संशोधन बिल 2020 पारित किया था जिसका हमने विरोध भी किया था। पुलिस एक्ट के अनुसार पूरे राजस्थान के अंदर सभी गांव में ग्राम रक्षकों की नियुक्ति होनी थी। 3 वर्ष का उनका समय था। एक निश्चित मानदेय भी उनको दिए जाने का प्रावधान था। गांव में अपराध और अपराधियों के बारे में पुलिस के साथ उनको रोकने का लक्ष्य था। मुख्यमंत्री ने ग्राम रक्षकों की सेवाओं को 3 साल की जगह 2 साल किया और मानदेय शून्य कर दिया। अग्निवीर योजना में तो 30000 का मानदेय है। मुख्यमंत्री इस योजना का विरोध कर रहे हैं जरा अपने राज्य में देख लें जहां हालत बद से बदतर हैं। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह, पूर्व मंत्री जवाहर बेडम, गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल आदि उपस्थित रहे।

## वाटर कूलर का तहसीलदार ने किया लोकार्पण

**बयाना** । बयाना कस्बे के गणेशी मार्केट में कस्बा निवासी सेवाभावी एक युवक की ओर से लगवाए गए वाटर कूलर का सोमवार को मुख्य अतिथि एवं प्रभारी उपखंड अधिकारी अमित शर्मा ने पूजा अर्चना कर व फीता काटकर विधिवत रूप से लोकार्पण किया।

यह वाटर कूलर कस्बा निवासी जीतेंद्र अग्रवाल की ओर से लगवाया गया है। जिसका लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जन आवश्यकताओं के समाधान के लिए ऐसे सेवाभावी लोगों को आगे आने से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है और छोटी-छोटी समस्याओं का आसानी से समाधान भी हो जाता है। उन्होंने जितेंद्र गर्ग की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि उनसे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर मौजूद विशिष्ट अतिथि एवं नायब तहसीलदार पुष्कर सिंह फौजदार ने कहा कि इससे भीषण गर्मी के सीजन में प्यासे लोगों को बडी राहत मिलेगी और पीने को शुद्ध व शीतल जल मिलेगा यह वाटर कूलर कस्बे के कसाई पाड़ा के निकट स्थित पटवार घर परिसर में लगाया गया है ।

# अतिक्रमण की कार्रवाई का विरोध, परेशान व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। नगर परिषद हिंडौन द्वारा पांच दिन पूर्व किए गए अतिक्रमण कार्यवाई से परेशान होकर और जल्दी नाली निर्माण में होने के कारण व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर

- **नाली निर्माण का कार्य शीघ्र चालू करने को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

मानसून से पहले जल्द नाली निर्माण को लेकर आयुक्त कीर्ति कुमारी को ज्ञापन दिया है।

अमिक्रमण की कार्रवाई से परेशान व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

व्यापारियों ने बताया कि 5 दिन पूर्व नगर परिषद द्वारा नाली निर्माण को लेकर दुकानों के आगे बने पक्के फुटपाथों को और टिन शेड को अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान हटाया गया था, लेकिन 5 दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नगर परिषद द्वारा नाली निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। अतिक्रमण कारवाई से दुकान के आगे गहरे गड्ढे होने से व्यापार में कमी देखी जा रही है। वहीं ग्राहक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नगर परिषद को मौखिक तौर पर सूचना से अवगत करवा दिया गया, लेकिन अभी तक नाली निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस दौरान मंदिर के राजू पुजारी ने बताया कि हाई स्कूल के सामने हनुमान मंदिर भी है। जहां श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। अतिक्रमण कारवाई से मंदिर के आगे गड्ढे हो गए हैं। जिससे लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इस दौरान व्यापारी संजय शुक्ला संजय अग्रवाल नरेश अग्रवाल अजीत जैन भगवान सहाय गजानंद गुप्ता जितेंद्र जैन देवेंद्र अरविंद अग्रवाल देवेंद्र जांगिड़ विष्णु गुप्ता व 'गुप्ता पुजारी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का सम्मान किया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। झारेड़ा रोड स्थित एक समारोह में विप्र कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष महेश शर्मा का समाज के लोगों ने साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने समाज के लोगों को प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए तत्परता से काम करने का आश्वासन दिया।

उद्घाटन समारोह में देवस्थान विभाग के अध्यक्ष एसडी शर्मा, ब्राह्मण समाज हिण्डौन के वासुदेव शर्मा, तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदेईया, श्रीनिवास शर्मा ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शहर के ब्राह्मण समाज एवं चौबीसा ब्राह्मण समाज के प्रवक्ता ओम प्रकाश,एवं मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवाडी, कमलेश पाराशर ने विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।

विप्र फाउंडेशन बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ने विप्र कल्याण बोर्ड का गठन किया है जिससे समाज के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। समाज के बच्चों को सरकारी स्कूल में प्रवेश देने पर छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है। बच्चों को सरकारी स्कूलों में सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान बालकृष्ण शर्मा प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी संघ नरेंद्र बाबा प्रवक्ता आदि मौजूद थे।

# 'अग्निपथ योजना देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़'

**सपोटरा** (निसं.) । केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस पार्टी देशभर में धरना प्रदर्शन के माध्यम से विरोध कर रही है। इसी कड़ी में सपोटरा विधानसभा मुख्यालय पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चंद मीणा के नेतृत्व में सत्याग्रह धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान जिला प्रमुख, प्रधान, जिला परिषद सदस्य,पंचायत समिति सदस्य, सरपंच सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री मीणा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना देश के युवाओं के भविष्य के साथ कुठाराघात है। इस योजना के खिलाफ देशभर का युवा सड़कों पर है। और जमकर इसका विरोध कर रहा है। कांग्रेस पार्टी देश के युवाओं के साथ है। जिस प्रकार अग्निपथ योजना के माध्यम से केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। ऐसा हम होने नहीं देंगे। जब तक केंद्र सरकार इस योजना को वापस नहीं लेती है। तब तक कांग्रेस पार्टी देशव्यापी सत्याग्रह धरना प्रदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को जिस प्रकार भारी विरोध के बाद किसानों को वापस लेना पड़ा। उसी प्रकार अग्निपथ योजना को भी वापस लेना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनता विरोधी योजनाओं और कानून को देशवासियों पर थोपना चाहती है। इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी देश भर में जनता और युवाओं के हित में अपनी लडाई लडती रहेगी। वही मंत्री रमेश मीणा ने कहा कि बीजेपी और केंद्र सरकार लोगों को विकास के मुद्दों से भटका कर आपस में लडाने का काम कर रही है। धर्म के नाम पर तो कभी जाति पर लड़ा कर देश को बांटना चाहती है। इस मौके पर मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से युवाओं के हित में इस योजना को वापस लेने का आव्हान किया है।

## बयाना में कांग्रेस ने गांधीजी के प्रतिमा के समक्ष किया सत्याग्रह

**बयाना**। बयाना में आज कांग्रेस जनों की ओर से गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह आंदोलन करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार की तानाशाही व जनविरोधी नीतीयों का विरोध करते हुए नारेबाजी भी की। सत्याग्रह आंदोलन में स्थानीय कांग्रेसजनों व पंच सरपंचों सहित प्रदेष कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में राजस्थान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानूखांन बुदवाली व पालिकाध्यक्ष विनोद वट्टा आदि एवं सरपंच संघ अध्यक्ष दीवान षेरगढ आदि भी मौजूद रहे। सत्याग्रह आंदोजन को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश र्प्यवेक्षक ने बताया कि आज कांग्रेस की ओर से प्रदेषभर के सभी विधानसभा क्षेत्र मुख्यालयों पर केन्द्र की मोदी सरकार की तानाषाही व मनमानी और अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है।

# बजट घोषणाओं के कार्यों में लायें गति : संभागीय आयुक्त

**भरतपुर,** । सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने सोमवार को सभागार में बैठक कर राज्य बजट में भरतपुर संभाग के लिये की गई घोषणाओं की क्रियान्विति, प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी फ्लैगशिप योजनाओं, पंचायत समिति स्तर पर होने वाली जनसुनवाई एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों से बजट घोषणाओं की जानकारी ली जिसमें बताया कि अधिकांष योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार पषुपालन विभाग की घोषणाओं के अनुरूप बताया कि भरतपुर एवं करौली के लिये की गई घोशणाओं के प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए भिजवाए गए हैं जबकि धौलपुर में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आयुर्वेद विभाग की प्रगति संतोशजनक पाई गई इसी प्रकार शिक्षा विभाग में बजट घोषणाओं में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को 1 जुलाई से सुचारू रूप से संचालित किये जाने की बात कही।

संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा विभाग की अपूर्ण प्रगति की जानकारी उपलब्ध होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देष दिये कि बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित हो। जलदाय विभाग सहित चम्बल परियोजना की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि अधिकांष कार्य प्रगति पर हैं और षेश कार्यों की डीपीआर बनाकर स्वीकृति के लिए भिजवाई गई है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति सुनिष्चित करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि घोशणाओं के अनुरूप निर्माण कार्यों में गति लायें और वर्शा के मौसम को देखते हुए रेलवे अण्डरपास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाना सुनिश्चित करें।

# 'भारत में आम व्यक्ति का इतिहास लिखा जाता है'

**करौली** (निसं.)। राजस्थान सरकार द्वारा गठित वंशावली संरक्षक एवं संवर्धन अकादमी के बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री राम सिंह राव ने करौली के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही उन्होंने कहा कि वैसे तो 20 अकादमी है। लेकिन राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वंशावली संरक्षक एवं संवर्धन अकादमी का जो गठन किया गया है। उसका मुझे अध्यक्ष बनाया और राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। जो जागा समाज के लिए बहुत गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि जो समाज वर्षो से उपेक्षित रहा है जिसका राजनीति में कोई प्लेटफार्म नहीं था उसको मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्थान दिया है और बोर्ड का गठन किया उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में राजा महाराजाओं का इतिहास लिखा जाता है। लेकिन भारत देश एक ऐसा देश है जहां आम आदमी का इतिहास लिखा जाता है। और उसको जागा समाज द्वारा लिखा जाता है। लेकिन आधुनिकता की आग में जहां आधुनिक नेता इन सामाजिक श्रृंगारो पर प्रहार करने पर तुले हुए हैं यह भी एक बडा खतरा है उन्होंने कहा कि आधुनिक नेताओं ने बहुत नुकसान पहुंचाया है इसे कहने में मैं नहीं चुप रहा अशोक गहलोत ने जागा समाज के लिए वह काम किया है जिसे भुला नहीं सकते ।

### आम सूचना

आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विश्वेन्द्र शर्मा मेरा व मेरी पत्नी उर्मिला का कहा नही मानता है। गलत संगत में पड़ गया है। समझाने पर झगड़ा करता है। इसकी इन हरकतों से तंग व परेशान हो कर मैंने अपने पुत्र विश्वेन्द्र शर्मा पुत्र गिर्राज को अपनी समस्त चल व अचल सम्पती से बेदखल कर दिया है। विश्वेन्द्र शर्मा से कोई भी व्यक्ति सम्बन्ध रखेगा या लेनदेन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नही होगी।
**भवदीय**-गिर्राज पुंत्र भैरोलाल, उर्मिला पत्नि गिर्राज ब्राह्मण निवासी शीतला रोड, गंगापुर सिटी (स.मा.)

## सर्पदंश से मासूम की मौत

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। समीप के गांव लहचौड़ा में मां के साथ खेतों पर कार्य कर रहे 12 वर्षीय बालक सर्प दंश से बेहोश हो गया। जिसे परिजन घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। जिसके बाद शव को रात्रि में जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सोमवार को सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। लहचौड़ा निवासी बालक के पिता राहुल बेनीवाल ने बताया कि रविवार को सायं 6 बजे के करीब 12 साल का पुत्र सौरव बैनीवाल अपनी मां नीरमा देवी के साथ खेत पर मवेशियों को हरा चारा लेने खेत पर गया था। इस दौरान मां नीरमा देवी मवेशियों का चारा काट रही थी। बालक सौरव मां के साथ चारा कटवा रहा था। इस दौरान बालक को अचानक ही एक काले सांप ने काट लिया। जिसके बाद मां ने आस पास के लोगों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर नीरमा देवी, बाबा रामवीर, चाचा भगवान सहाय, अजीत खां के साथ बेहोशी की अवस्था मे पुत्र सौरव को लेकर रात्री मे राजकीय जिला अस्पताल लेकर आए। जहां जयपुर रैफर कर दिया।

# भरतपुर में कांग्रेस ने अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह किया

भरतपुर में कांग्रेस ने सत्याग्रह कर अग्निपथ योजना का विरोध किया।

**भरतपुर** (निस) । प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर भरतपुर शहर व सेवर ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित भारतीय सेना में अग्निपथ योजना लागू किए जाने के विरोध में भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने कलैक्ट्रेट के सामने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सत्याग्रह धरना प्रदर्शन कर इसे वापिस लेने की मांग की गई व पुरानी भर्ती में सफल 50 हजार सैनिकों को पहले भर्ती की मांग की गई व वक्ताओं ने अग्निपथ षुरू होने से हमारे पडोसी देष चीन व पाकिस्तान भयमुक्त हो जावेंगे। प्रधानमंत्री मोदी तानाशाही प्रवृति की ओर बढ रहे हैं लोकतंत्र खतरे में है सभी को एक जुट होकर मुकावला करना होगा। धरने के संचालक चुन्नी कप्तान, जिला अध्यक्ष षेर सिंह सूपा,शहर अध्यक्ष संजय शुक्ला व पार्षद सेवर अध्यक्ष सतीष सोगरवाल ने र्प्यवेक्षक के रूप में पधारे, मुस्लिम वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानू खां वुधवाली, धर्मेन्द्र शर्मा, धौलपुर भगवत सिंह चौधरी एडवोकट का माला पहनाकर स्वागत किया। खानूखां वुधवाली व महापोर अभिजीत कुमार ने अग्निपथ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

## विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का किया स्वागत

**करौली** (निसं.) विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा के करौली आगमन पर भारद्वाज निवास पर करौली के विप्र समाज के लोगों ने उनका माला साफा पहनाकर स्वागत करते हुए भगवान मदन मोहन जी की तस्वीर भेंट की।

कांग्रेसी नेता भूपेन्द्र भारद्वाज ने बताया की विप समाज के लोगो ने अध्यक्ष महेश शर्मा से विप्र समाज के कल्याण के लिए विस्तृत चर्चा की। उन्होने आश्वस्त किया कि मेरा लक्ष्य रहेगा अधिक से अधिक ब्राह्मणों को मेरे होते हुए जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह अवश्य मिलेगी उन्होंने कहा अभी हमने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 3 साल तक की वैधता की स्वीकृति कराई है आने वाले समय में हमारा प्रयास है।

ऐसे गरीब ब्राह्मणों के बच्चे जो कि अपना बाहर जाकर अध्ययन नहीं कर सकते उनको हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध करावे और जब तक हॉस्टल की सुविधा ना हो पाए तब तक ऐसे विद्यार्थियों को जहां भी अध्ययन कर रहे है उन्हें आर्थिक मदद के प्रयास किए जाएंगे इसके प्रस्ताव भी तैयार कर सरकार को भिजवाए जा रहे हैं।

## कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-न.प.हि./4554 दिनांक: 27.06.2022

## लोक सूचना

| क्र.सं. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1. | दशरथ पुत्र पूरण | जाट की सराय हिण्डौन |
| 2. | रामेश्वर पुत्र दुल्ली | जाटव बस्ती हिण्डौन सिटी |
| 3. | राजेश पुत्र अन्तुराम जाटव | जाटव बस्ती हिण्डौन |

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

| क्र.सं. | जिला एवं तहसील | ग्राम/कस्बा का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (है./ऐयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन | 1533 | 0.56 |
| 2. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन | 1696, 1697 | 0.46, 0.59 |
| 3. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन | 1487 | 0.29 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27.6.2022 को जारी की गई।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन